**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल बीसवें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
2. सब्सिडी वाले रसोई गैस की बुकिंग के लिए पहली अक्तूबर से आधार से जुड़ा बायोमीट्रिक प्रमाणन ज़रूरी होगा।
3. टूर ऑफ अंडमान साइक्लिंग यात्रा का छठा संस्करण आज से दो अक्टूबर के बीच दो बैचों में आयोजित हो रहा है।
4. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज और कल एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल बीसवें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए आवश्यक कौशल और अवसर उपलब्ध कराने पर लगातार ध्यान दे रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में करीब चालीस देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे देश के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया को भारत के नवाचारकर्ताओं, उद्यमियों और युवा शक्ति से बड़ी उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में करीब आधे टियर–2 और टियर–3 शहरों में हैं। श्री मोदी ने कहा कि गांवों, कस्बों और छोटे शहरों के युवा देश की नई अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छोटे शहरों के युवा अपने विचारों पर काम कर रहे हैं, नई कंपनियां शुरू कर रहे हैं और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं।

<><><><><><><>

सब्सिडी वाले रसोई गैस की बुकिंग के लिए पहली अक्तूबर से आधार से जुड़ा बायोमीट्रिक प्रमाणन ज़रूरी होगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी वाला LPG सिलेंडर केवल पात्र परिवारों को मिले। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी भी पात्र परिवार को LPG से वंचित करना नहीं है। जो ग्राहक पहले ही प्रमाणीकरण पूरा कर चुके हैं, उन्हें दुबारा यह कराने की जरूरत नहीं है। बायोमेट्रिक आधार प्रमाणन का काम सिलेंडर की डिलीवरी के समय, वितरक के शोरूम पर या तेल विपणन कंपनियों के मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह 2026 का कल समापन हो गया। एन एस एस यूनिट–1 के सहयोग से आयोजित इस दस दिवसीय अभियान का उद्देश्य छात्रों और ग्रामीण समुदायों के बीच सही पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान स्लोगन लेखन, वॉकथॉन, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और वार्ड नंबर 5 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। गृह विज्ञान विभाग के छात्रों ने "मोटापा – सेहत का दुश्मन" और "कुपोषण" जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को संतुलित आहार का महत्व समझाया। समापन समारोह में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने उपस्थित लोगों और विद्यार्थियों को पोषण अभियान की शपथ दिलाई।

<><><><><><><>

टूर ऑफ अंडमान साइक्लिंग यात्रा का छठा संस्करण आज से दो अक्टूबर के बीच दो बैचों में आयोजित हो रहा है। टीम परिक्रमा और पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित इस सात दिवसीय यात्रा में देश भर के तिरसठ साइकिल चालक भाग ले रहे हैं। यह तीन सौ पन्द्रह किलोमीटर से अधिक की यात्रा सेल्यूलर जेल से शुरू होकर दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान के प्रमुख प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से गुजरेगी।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य विभाग ने शिक्षा तथा पर्यटन विभाग के सहयोग से कल आइलैंड साइकिलिंग टूर–2026 का आयोजन किया। इस यात्रा को भारतीय प्रशासनिक अधिकारी ज्योति कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा सेल्यूलर जेल से शुरू होकर कार्बाइंस कोव, छोलदारी, फरारगंज, जिरकाटांग और बम्बूफ्लैट होते हुए नेताजी स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसमें सेना के जवानों सहित इक्यावन साइकिल चालकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज और कल एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। साथ ही चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना जताई गई है। इसके अलावा, बाईस से पच्चीस सितंबर के दौरान द्वीपसमूह में एकाध स्थानों पर चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिसके बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटा तक होने की संभावना है। मौसम की खराब स्थिति को देखते हुए मछुआरों को तेईस सितंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र अटल महासागर विज्ञान एवं द्वीप प्रौद्योगिकी केंद्र की ओर से स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 5.0 अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत नॉर्थ बे और वंडूर समुद्री तट पर अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। नॉर्थ बे बीच पर आयोजित इस अभियान में स्कूली छात्रों, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों और एनआईओटी की वैज्ञानिक टीम सहित कुल सतावन प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान भारी मात्रा में प्लास्टिक और समुद्री कचरा एकत्र किया गया। इस पहल का उद्देश्य तटीय और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास, जनभागीदारी और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करना था।

<><><><><><><>

जी.बी. पंत अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए भारत सरकार के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम के जरिए ऑनलाइन ओपीडी अप्वाइंटमेंट सेवा शुरू की गई है। शुरुआत में प्रत्येक विभाग के लिए रोजाना दस ऑनलाइन स्लॉट उपलब्ध होंगे। मरीज घर बैठे ही तिथि व समय चुनकर पर्चा बुक कर सकते हैं और अस्पताल आकर ओपीडी काउंटर नंबर–एक पर सीधे अपनी पुष्टि करा सकते हैं, जिससे लंबी लाइनों से राहत मिलेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए शारीरिक माप एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और शारीरिक माप शामिल हैं। कल से तेईस सितंबर तक कार निकोबार में, कैंपबेल बे में पांच अक्टूबर से सात अक्टूबर तक, जबकि श्री विजयपुरम में तेरह अक्टूबर तक शारीरिक परीक्षा जारी रहेगी। परीक्षण केंद्र, तिथि और रिपोर्टिंग समय की सूची पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र के अनुसार आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ समय पर निर्धारित केंद्रों पर पहुंचने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अंडमान निकोबार पुलिस के भर्ती प्रकोष्ठ की आधिकारिक ईमेल या दिए गए फोन नम्बर पर सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>